# संचालनालय खेल और युवा कल्याण म.प्र.

टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल

## ।। विज्ञापन ।।

म0प्र0 शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के अधीन संचालित विभिन्न खेल अकादमियों में उच्च तकनीकी प्रशिक्षक सह सलाहकार के रिक्त पदों की पदपूर्ति किए जाने हेतु दिनांक 18 नवंबर 2026 (बुधवार कार्यालयीन समय सायं 6:00 बजे) तक आवेदन पत्र ऑफ लाईन संचालनालय खेल और युवा कल्याण, टी0टी0 नगर स्टेडियम भोपाल में एवं ऑन लाईन ई–मेल आईडी mpkheloindia@gmail.com पर आमंत्रित किए जाते है।

योग्यता/अनुभव व अर्हता तथा पारिश्रमिक की दर आदि की जानकारी म0प्र0 खेल और युवा कल्याण विभाग की वेबसाईट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है।

**संचालक**
**खेल और युवा कल्याण, म0प्र0**

# म0प्र0 शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के अधीन संचालित विभिन्न खेल अकादमियों में उच्च तकनीकी प्रशिक्षक सह सलाहकार के पदों की जानकारी

| क्रं. | अकादमी एवं खेल का नाम | श्रेणी | | | | | | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ए | बी | सी | डी/ई | डी | ई | |
| 01 | म0प्र0 राज्य तीरंदाजी अकादमी, जबलपुर | - | | | 01 | - | - | 01 |
| 02 | म0प्र0 राज्य बैडमिंटन अकादमी, ग्वालियर | 01 | | | 02 | - | - | 03 |
| 03 | म0प्र0 राज्य मार्शल आर्ट अका.–बॉक्सिंग भोपाल | 01 | | | - | - | - | 01 |
| 04 | म0प्र0 राज्य महिला क्रिकेट अकादमी, शिवपुरी | - | | | - | 02 | 01 Female | 03 |
| 05 | म0प्र0 राज्य घुडसवारी अकादमी, भोपाल | 01 | | | - | 01 Men | 01 Female | 03 |
| 06 | म0प्र0 राज्य मार्शल आर्ट अका.–फेन्सिंग, भोपाल | 01 | | | - | 01 | 01 Female | 03 |
| 07 | म0प्र0 राज्य वॉटर स्पोटर्स अका.–सेलिंग, भोपाल | - | | | 01 | - | - | 01 |
| 08 | म0प्र0 राज्य वॉटर स्पोटर्स अका. –रोईंग, भोपाल | 01 | | | - | 02 | 01 Female | 04 |
| 09 | म0प्र0 राज्य वॉटर स्पोटर्स अका. –क्याकिंग केनोईंग, भोपाल | 01 | | | - | - | - | 01 |
| 10 | म0प्र0 राज्य शूटिंग अकादमी – ट्रेप, भोपाल | - | | | - | 01 Men | 01 Female | 02 |
| 11 | म0प्र0 राज्य शूटिंग अकादमी – स्कीट, भोपाल | 01 | | | 01 | - | - | 02 |
| 12 | म0प्र0 राज्य शूटिंग–25मीटर पिस्टल, भोपाल | 01 | | | - | 01 | 01 Female | 03 |
| 13 | म0प्र0 राज्य शूटिंग अका.–10मी. पिस्टल, भोपाल | 01 | | | - | 01 | 01 Female | 03 |
| 14 | म0प्र0 राज्य शूटिंग अका.–रायफल, भोपाल | - | | | 01 | - | - | 01 |
| 15 | म0प्र0 राज्य पुरूष हॉकी अकादमी, भोपाल | - | | | 02 | - | - | 02 |
| 16 | म0प्र0 राज्य मार्शल आर्ट अका.–कुश्ती, भोपाल | 01 | | | - | 02 | 01 Female | 04 |
| 17 | म0प्र0 राज्य मार्शल आर्ट अका.– जूडो, भोपाल | 01 | | | - | 01 | 01 Female | 03 |
| 18 | म0प्र0 राज्य एक्वाटिक अका, भोपाल (ट्रायथलॉन) | - | | | - | 01 | 01 Female | 02 |
| 19 | म0प्र0 राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल (रनिंग) | - | | | - | 02 | 01 Female | 03 |
| 20 | म0प्र0 राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल (जम्प) | 01 | | | - | 02 | 01 Female | 04 |
| 21 | म0प्र0 राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल (थ्रो) | 01 | | | - | 02 | 01 Female | 04 |
| | **योग –** | **13** | | | **08** | **19** | **13** | **53** |

# म0प्र0 शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के अधीन संचालित विभिन्न खेल अकादमियों में उच्च तकनीकी प्रशिक्षक सह सलाहकार के पदों की श्रेणी, अर्हता एवं मानदेय

| श्रेणी | पारिश्रमिक की प्रतिमाह दर (आवास, भोजन एवं स्थानीय यातायात भत्ता सहित) | विधा अनुसार योग्यता, अनुभव एवं अर्हता |
|---|---|---|
| A | 2,25,000/- | ओलम्पिक में प्रतिभागिता/विश्वकप (04 वर्षीय)/एशियन गेम्स में पदक विजेता अथवा पद्मश्री/राजीव गांधी खेल रत्न/अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी अथवा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित प्रशिक्षक अथवा ऐसा प्रशिक्षक जिसने ओलम्पिक में सम्मिलित भारतीय टीम को प्रशिक्षण दिया हो अथवा विश्वकप (04 वर्षीय)/एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक विजेता भारतीय दल/खिलाड़ी का वास्तविक प्रशिक्षक रहा हो अथवा अपने खेल का उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक रहा हो। |
| B | 1,55,000/- | राष्ट्रमण्डल खेल / एफ्रोएशियन खेल में संबंधित विधा में पदक विजेता खिलाडी अथवा इन खेलों में भारतीय दल / खिलाड़ी का वास्तविक प्रशिक्षक अथवा अपने खेल का उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक रहा हो। |
| C | 1,15,000/- | अधिकृत एशियन चैम्पियनशिप, दक्षिण एशियाई खेल की संबंधित विधा में पदक विजेता खिलाडी अथवा इन खेलों में पदक विजेता भारतीय दल / खिलाडी का प्रशिक्षक अथवा भारत सरकार द्वारा अधिकृत संबंधित खेल की अलग–अलग 03 वर्षो में अन्तराष्ट्रीय चैम्पियनशिप /प्रतियोगिता में पदक विजेता भारतीय टीम के खिलाडी अथवा प्रशिक्षक रहा हो अथवा अपने खेल का उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक रहा हो। |
| D | 77,500/- | अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त खिलाड़ी अथवा एन0आई0एस0 प्रशिक्षण प्राप्त व भारतीय टीम को कम से कम 6 माह का प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण देने का अनुभव अथवा संबंधित खेल महासंघ का कोचिंग का प्रमाण–पत्र प्राप्त प्रशिक्षक। |
| E | 50,000/- | A, B एवं C श्रेणी के तकनीकी विशेषज्ञ सह प्रशिक्षक द्वारा अनुशंसित ऐसे प्रशिक्षक जिन्होंने राष्ट्रीय टीम अथवा ख्याति प्राप्त अकादमी अथवा संस्थाओं को प्रशिक्षण दिया हो, इन प्रशिक्षकों के कार्य का मूल्यांकन एवं अनुशंसा A अथवा B अथवा C श्रेणी के मुख्य तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा की जावेगी। |

नोट – 1. आवेदक अपना आवेदन ऑफ लाईन एवं ई–मेल **mpkheloindia@gmail.com** पर भी प्रेषित कर सकते है।

2. आवेदक को आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता/अनुभव/अन्य आवश्यक दस्तावेज व प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, यदि किसी आवेदक द्वारा मात्र **CV** भेजा जाता है, तो उसे मान्य नहीं किया जावेगा।